सेंट ऑगस्टीन के चर्च के खंडहर

drishtiias.com/hindi/printpdf/ruins-of-the-church-of-st-augustine

चर्चा में क्यों?

सेंट ऑगस्टीन के आदेश द्वारा 1597 और 1602 के बीच बनाया गया यह चर्च लेडी ऑफ ग्रेस को समर्पित है। 1830 के दशक में पुर्तगाली सरकार की दमनकारी नीतियों के कारण इस चर्च परित्याग कर दिया गया था। इस चर्च के हिस्से लगातार ढहते गए इसलिए अब यह काफी हद तक खंडहर में तब्दील हो चुका है। हालाँकि इसके बचे हुए अवशेष अब भी इसकी भव्यता की कहानी सुनाते हैं।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- गोवा के पुराने नगर में बना लगभग 46 मीटर ऊँचा सेंट आगस्टीन चर्च अपने आप में बेहद अनोखा हुआ करता था।
- 1842 में चर्च का मुख्य गुंबद ढह गया, जिसके बाद पूरा ढाँचा धीरे-धीरे में ढह गया।
- 1931 में आगे के हिस्से के साथ-साथ आधा टॉवर ढह गया, जिसके बचे हुए हिस्से को जिसे आज भी देखा जा सकता है।



1986 में यूनेस्को ने इस खंडहर को विश्व धरोहर स्थल घोषित कर दिया।

चर्च की वास्तु-कला

- मूल रूप से लेटराइट से बने चार मीनारों और विशाल गुंबद वाला यह भवन पुनर्जागरण युग के महान शाही कैथेड्रल (गिरिजाघर) से मिलते-जुलते हैं।
- इस चर्च की वेदी में सुंदर बहुरंगी इतालवी टाइलें और लाल तथा नीले चित्रों के अवशेष हैं।

स्रोत- द हिंदू